आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 158 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 20 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया



श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333




# पेन टीएमटी फैक्टरी मालिकों की जेब में प्रशासन?

## नियमों को ताक पर रखकर फैक्टरी उड़ा रही धुआं, सुरक्षा के अभाव में गई एक मजदूर की जान

**मंदसौर, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा इलाके के ग्राम नई फतेहगढ़ में महू-नीमच राजमार्ग पर चल रही सरिया बनाने वाली पेन टीएमटी सरिया फैक्टरी नियमों को ताक पर रखकर चल रही है। ऐसा लगता है मानो पूरा प्रशासन फैक्टरी मालिक की जेब में हो। नियमानुसार इतना बड़ी फैक्टरी हाईवे पर और रहवासी इलाके में संचालित हो ही नहीं सकती। जबकि, एक माध्यमिक स्कूल की दीवार से सटकर फैक्टरी संचालित हो रही है। कुछ ही दूरी पर महाविद्यालय भी मौजूद है तो रहवासी क्षेत्र में इसका संचालन हो रहा है। मजदूरों की सुरक्षा को लेकर भारी कोताही फैक्टरी प्रबंधन बरत रहा है। इसी का खामियाजा मंगलवार को एक मजदूर को अपनी जान गवाकर देना पड़ा।

### मौत के बाद आक्रोश...

मजदूरों की सुरक्षा को लेकर हर फैक्टरी के लिए नियम निर्धारित किए गए है। लेकिन मजदूरों की सुरक्षा से ज्यादा फैक्टरी प्रबंधन अपनी जेब की चिंता कर रहा है। इसी का खामियाजा मंगलवार को मजदूर शाहरुख मंसूरी को भुगतना पड़ा। क्रेन में उलझने से मजदूर की मौत हो गई। इसके बाद कांग्रेस नेताओ सहित अन्य मजदूर भी गांधी चौराहा पहुंचे। यहां फैक्टरी प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश साफ नजर आ रहा था। हालांकि, आक्रोश बाहर आए उसके पहले ही प्रबंधन ने 18 लाख का चेक परिजनों को दे दिया। लेकिन, सवाल अन्य मजदूरों की जान का भी है। फैक्टरी में मजदूरों की सुरक्षा में लापरवाही अन्य मजदूरों की जान को भी खतरे में डाल रही है।

## [ मिडिल स्कूल से सटी हुई दीवार, रहवासी क्षेत्र में हो रहा संचालन ]

### इंसान की जान की कीमत 18 लाख...?

गांधी चौराहे पर जब यह बताया गया कि मृतक की पत्नी को 18 लाख रूपए का चेक दिया गया है। तो यह चर्चा चल पड़ी कि क्या किसी मजदूर हो या आम आदमी उसकी जान की कीमत 18 लाख रूपए है? एक पैसे वाला नेता बोल पड़ा कि मालिको में से किसी एक की जान देने को तैयार हो तो 18 नहीं 36 लाख दे दूं। हालांकि, फिर यह बात हवा हवाई हो गई।

### रिहायशी इलाके में कैसे दे सकते अनुमति?

नियमानुसार रिहायशी क्षेत्र में कोई फैक्ट्री नहीं लगाई जा सकती है। फैक्ट्री के लिए एनओसी होनी जरूरी है और फैक्ट्री के अंदर आग नियंत्रण संबंधी यंत्र होने चाहिए। मजदूरों की सुरक्षा के पूरा इंतजाम होना चाहिए। इस कार्य के लिए एक सेफ्टी इंचार्ज भी होता है। लेकिन, फैक्टरी नई फतेहगढ़ के रहवासी इलाके में संचालित हो रही है। इसी की दीवार से लगा हुआ एक माध्यमिक विद्यालय भी है। जो फैक्टरी लगने से पहले ही संचालित हो रहा है। वहीं पास में ही महाविद्यालय भी स्थापित हो गया है। जहां विद्यार्थियो की संख्या में लगातार ईजाफा हो रहा है। कुल मिलाकर यहां फैक्टरी की अनुमति कैसे दे दी गई या प्रशासन में गुमराह कर अनुमति ली गई। यह जांच का विषय है।

### राजमार्ग पर उड़ता धुआ बयां कर रहा हकीकत...

फैक्टरी में नियमों का किस तरह से मखौल उड़ाया जा रहा है। यह राजमार्ग पर उड़ता फैक्टरी से निकल रहा काला धुआं बयां कर रहा है। इस क्षेत्र का वातावरण प्रदूषित होता जा रहा है। ऐसे में फैक्टरी के मजदूरों, आसपास के लोग और विद्यार्थियों को बीमारी का खतरा बना हुआ है।

### न कोई जांच, न कोई कार्रवाई...

नियमानुसार समय-समय पर हर फैक्टरी की जांच संबंधित विभाग के अधिकारियों को करनी होती है। उसके तहत समय-समय पर कारखाना निरीक्षक द्वारा मजदूरों के सुरक्षा की जांच, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर प्रदूषण की जांच तथा श्रम विभाग के अधिकारियो द्वारा मजदूर सुरक्षा, बाल श्रम मजदूरी के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के काम करने वाले मजदूरों की जांच कर दोषी पाए जाने पर उस कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने का प्रावधान है। पर यहां तो खुले आम चिमनी से धुआं उठता दिख रहा है। पर जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किए हुए है।

### यह विभाग नहीं निभा रहे जिम्मेदारी...

✲श्रम विभाग की जिम्मेदारी है कि शहर के अंदर कितनी रजिस्टर्ड फैक्ट्री हैं और शहर के किन रिहायशी क्षेत्रों में या शहर के बाहर कितनी फैक्ट्रियां चल रही हैं, इसकी जांच करनी होती है। मजदूरों का रिकार्ड रखने के साथ-साथ समय पर जांच करनी होती है कि मजदूरों को सुविधाएं सही से मिल रही हैं या नहीं।

✲अग्निशमन विभाग को जांच करनी होती है कि फैक्ट्रियों के अंदर अग्नि रोधक यंत्र हैं या नहीं और वो चालू स्थिति में हैं या नहीं और फैक्ट्री तक अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंचने की क्या व्यवस्था है।

✲ सेफ्टी एंड हेल्थ विंग को फैक्ट्रियों के अंदर जाकर वहां की बिल्डिंग की स्थिति, मशीनों के हालात, उनके पैनल और मजदूरों की सुरक्षा संबंधी जांच करनी होती है।

✲ बिजली विभाग द्वारा फैक्ट्रियों की जांच कर रिपोर्ट बनाई जानी होती है कि बिजली की क्या व्यवस्था है और बिजली की फिटिंग कैसी है। क्योंकि, ज्यादातर फैक्ट्रियों में आग शॉर्ट सर्किट से ही लग रही हैं।

# मूल्यांकन-परीक्षा कार्य में लगे शिक्षकों को निर्वाचन से मुक्त रखें

## [ कलेक्टर को माशिमं ने लिखा पत्र ]



**मंदसौर, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का दूसरे चरण का मूल्यांकन कार्य जारी है। 22 फरवरी से शुरू हुए मूल्यांकन कार्य में अब तक 60-65 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाएं जांची गई है। मंडल के अधिकारियों का कहना है कि मार्च के अंत तक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा होना था। लेकिन, नौवीं एवं ग्यारहवी की एक्जाम के कारण काम प्रभावित हुआ। क्योंकि, परीक्षा में शिक्षकों की ड्यूटी लगी। इधर माशिमं ने एक पत्र प्रदेश के सभी कलेक्टर को लिखा है। जिसमें कहा गया है कि मूल्यांकन कार्य में लगे कर्मचारियो को चुनाव कार्य से मुक्त रखा जाए।

यह कहा गया है कि मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2024 की परीक्षा में लगभग 19 लाख परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे है। जिनकी लगभग 1 करोड़ 25 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य जिले की समन्वय संस्था, मूल्यांकन केन्द्र पर विषय से संबंधित शिक्षकों के माध्यम से 22 फरवरी 2024 से निरंतर जारी है। उक्त मूल्यांकन कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाकर परीक्षाओं का परिणाम तय समय पर घोषित किया जा सके। अत: अनुरोध है कि उक्त स्थिति के दृष्टिगत हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी परीक्षा व मूल्यांकन कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारियों, शिक्षकों को लोकसभा निर्वाचन की ड्यूटी से मुक्त रखा जावे। ताकि मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं का कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके एवं परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम निर्धारित तिथियों में घोषित किया जा सके।

### अप्रैल के तीसरे हफ्ते में परिणाम...

कुछ दिन पहले माशिमं के अधिकारी 15 अप्रैल तक बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट जारी करने की संभावना जता रहे थे। लेकिन, अब उन्होंने इस समयसीमा को आगे बढ़ा दिया है। उनका कहना है कि अप्रैल के तीसरे हफ्ते के अंत तक रिजल्ट जारी हो सकता है। बता दें कि इस बार परीक्षा आयोजन में भी काफी सख्ती बरती गई। प्रदेश के 10वीं व 12वीं के करीब 17 लाख विद्यार्थियों की करीब एक करोड़ उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। मंडल ने उत्तरपुस्तिका जांचने में करीब 25 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई है। इसमें 12वीं की कापी जांचने का काम प्राथमिकता से किया जा रहा है, ताकि परिणाम घोषित होने के बाद उत्तीर्ण विद्यार्थी कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकें। हालांकि, सभी जिलों के समन्वयक केंद्रों में शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सुप्रीम कोर्ट का सीएए नोटिफिकेशन पर रोक लगाने से इंकार, 9 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई



**नई दिल्ली, 19 मार्च।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा मंगलवार को सीएए के खिलाफ दायर की गई याचिकाओं के संबंध में सुनवाई की गई। जिसमें केंद्र सरकार को राहत देते हुए 3 सप्ताह में जवाब देने का समय दिया है। वहीं सीएए नोटिफिकेशन पर रोक लगाने से फिलहाल इंकार कर दिया है। अब अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कहा कि 236 याचिकाओं में से कई याचिकाओं पर हमने नोटिस जारी किया है। हम बाकी याचिकाओं पर भी नोटिस जारी कर तारीख दे देते हैं। फिलहाल कोर्ट ने सीएए नोटिफिकेशन पर रोक वाली मांग की याचिका पर जवाब देने का समय मांगा है।

### 3 सप्ताह में केंद्र सरकार देगी जवाब...

नागरिकता संशोधन अधिनियम मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। इस पर याचिकाकर्ताओं की तरफ से इंदिरा जयसिंह ने इसे लागू करने पर रोक लगाने की मांग की और कहा कि इस मामले को बडी बेंच के सामने भेजा जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद केन्द्र सरकार को राहत दी है। सीएए नोटिफिकेशन पर फिलहाल रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 9 अप्रैल को मामले की अगली सुनवाई करेंगे और 3 हफ्ते के भीतर केन्द्र सरकार को जवाब देना होगा।

### कपिल सिब्बल ने कहा नोटिफिकेशन पर लगाएं रोक...

इस मामले में जब कोर्ट ने पूछा कि केन्द्र सरकार कब तक जवाब दाखिल करेगी। तो सॉलिसिटर जनरल ने चार सप्ताह में जवाब देने का समय मांगा। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि नोटिफिकेशन 4 साल 3 महीने बाद जारी हुआ हैं। ऐसे में नागरिकता देना शुरू हुआ तो उसे वापस लेना संभव नहीं होगा। इस कारण नोटिफिकेशन पर रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को सिटीजनशिप दी गई है। अगर रोक नहीं लगाई गई तो इन याचिकाओं का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि चाहे किसी को नागरिकता मिले या ना मिले याचिकाकर्ताओं को इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।

# पॉम आइल नहीं आने से महंगा हुआ सोयाबीन तेल

**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** एक सप्ताह के अंदर ही सोयाबीन तेल के दाम आठ रुपए तक बढ गए है। इससे रसोईघर में काफी असर पड़ा है। बताया जा रहा है कि बंदरगाहो पॉम ऑइल के जहांज नहीं उतरे हैं। जिसके कारण सोयाबीन तेल के दामों में तेजी आई है।

### एक सप्ताह में 104 से 112 रुपए हुए भाव...

वैसे तो सोयाबीन तेल के भाव बढने का कोई कारण नहीं है, क्योंकि मंडी में सोयाबीन आ रही है और ऑइल मिल के पास स्टॉक भी है। लेकिन सोयाबीन तेल के भाव पॉम ऑइल की उपलब्धता पर निर्भर रहते हैं। मार्च की शुरुआत में विदेशों से आने वाले पॉम ऑइल के जहाज बंदरगाहों पर नहीं लगे हैं। ऐसे में आपूर्ति बाधित होने से सारा भार सोयाबीन तेल पर आ गया है। इसके चलते 15 फरवरी के बाद से भाव बढ़ाना शुरू हो गए थे। 10 मार्च से अचानक भाव में उछाल आया। यही कारण है कि पिछले सप्ताह थोक में 104 रुपए किलो वाला सोयाबीन तेल 112 रुपए पहुंची मन तक पहुंच गया है। बंदरगाह पर पॉम ऑइल के जहाज लगने पंचनामा के बाद भाव में कमी आएगी। फिलहाल भाव कम होने के आसार नहीं है।


पिछले साल सोयाबीन की बंपर पैदावार और विदेशों से पॉम ऑइल की आवक के कारण सोयाबीन तेल के भाव में त्यौहारी सीजन को छोड़कर सालभर तेजी नहीं रही। भाव 90 - 100 रुपए किलो के आसपास ही रहे थे। वहीं इस साल फरवरी के मध्य से भाव में मामूली तेजी आना शुरू हो गई है। मार्च में सोयाबीन तेल के थोक भाव में करीब 8 रुपए किलो का उछाल आ चुका है। व्यापारियों के अनुसार विदेशों से आने वाले पॉम ऑइल के जहाज बंदरगाह पर नहीं लगे हैं। इसके चलते सोयाबीन तेल की खपत बढने के कारण भाव में तेजी हो रही है। 10 मार्च को थोक में 104 रुपए किलो बिकने वाला सोयाबीन 18 मार्च को 112 रुपए प्रतिकिलो पर पहुंच चुका है। माह के अंत तक भाव काबू होना मुश्किल है।

### सोयाबीन का उपयोग ज्यादा...

गरीब से लेकर मध्यमवर्गीय परिवार किचन में सबसे ज्यादा सोयाबीन तेल का उपयोग कर रहा है। इसलिए खपत ज्यादा है। थोक व किराना व्यापारियों के अनुसार मार्च 2023 में सोयाबीन तेल के थोक भाव 120 से घटकर 112 रुपए किलो हो गए थे। अप्रैल से 15 जुलाई 2023 तक भाव 90 से 102 रुपए के आसपास रहे। जुलाई के अंत में तेजी आई और भाव .... शेष पेज 4 पर

# एनडीए प्रमुख भाजपा को तकलीफ दे रहे हैं इलेक्टोरल बांड, ईडी, इनकम टैक्स और भ्रष्टों से समझौता..!

**मंदसौर/उज्जैन, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय नागरिकों के अंतर मन से उनके विषयों को उजागर कर सिर्फ उन्हीं पर काम करने और देश की नीतियों को तब्दील कर उनके मन का भारत बनाने का दावा करके भाजपा ने आमजन के मन से सिर्फ कांग्रेसी ही नहीं कम्युनिस्ट विचारधारा को भी डि लीट करने का काम बखूबी योजना बनाकर लगभग सफलता से कर लिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी अपने सहयोगी राजनीतिक संगठन से यही चाहता था। बस ऐसा करने की दृढ इच्छा शक्ति रखने वाले नेतृत्व की जरूरत थी। संघ को इसी तरह का नेतृत्व मिलने की शुरुआत नरेंद्र मोदी के रूप में गुजरात से शुरू हुई थी, वह भी डबल इंजन की शक्ति के साथ। गुजरात कार्यकाल में जैसे ही संघ की वैचारिक प्रयोगशाला के सभी प्रयोग को समाज से लेकर जमीन तक विरोधियों और सभी अवरोधों को पार करते हुए सफलता से उतारा था। इसी वैचारिक विध्वंस को भारतीय मूल के निवासियों के अंतर्मन में कुछ इस तरह से बोया गया कि उन्हें डबल इंजन नेतृत्व में अपना धर्म रक्षक समूह नजर आने लगा था। हालांकि, इसके लिए प्रचार, प्रसार और सतह पर सामाजिक वातावरण बनाने में जो कुछ भी करना पड़ा वह किया गया। इसके लिए संगठन और सरकार का करोड़ों रुपया खर्च होने का अनुमान लगाया जा रहा है।




चन्द्रमोहन भगत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिस वैचारिक क्रांति को सतह पर समाज में प्रत्येक व्यक्ति के मन पर इसका व्यापक असर देखना चाहता था। डबल इंजन सरकार ने येन केन प्रकारेण अपनी सरकार के सभी अस्त्र को अनेक क्षेत्रों में, अनेक राज्यों में, अनेक राजनीतिको पर उपयोग कर लगातार अपने दल को मजबूत बनाने के लिए लीक से हटकर भी किया और सफल भी हुए है। आज सरकार के आंकड़े और सामाजिक राजनीतिक दृश्य प्रमाणित भी कर रहे हैं।

2014 से भाजपा नेतृत्व की इस मुहिम में अपना एजेंडा लागू करने के लिए जो कुछ करना पड़ा था, सभी बैखोफ किया गया, किया भी जा रहा है। जाहिर है, इस मुहिम को सफल बनाने के लिए शासकीय अस्त्रों के अलावा धन का भी उपयोग किया गया होगा। इसे जुटाने के लिए ही इलेक्टोरल बांड की शुरुआत हुई थी। पर, सबसे ज्यादा धनराशि भाजपा को मिली थी। इसलिए आलोचना भी सहना पड़ रही है। बांड से चंदा सभी राजनीतिक दलों को मिला है, पर भाजपा को देने वालों में कुछ दागदार संस्थाओं के नाम सामने आ रहे है। जिन्होंने परेशानी बढ़ा रखी है। यह शाश्वत भी है कि लोकसभा चुनाव चल रहे हैं और बहुत से विपक्षी दलों का इंडी गठबंधन भाजपा के इन्हीं मुद्दों को सार्वजनिक हथियार बनाकर उपयोग कर रहा है। विपक्षी दलों के साथ कुछ आर्थिक, सामाजिक, वैश्विक राजनीति के जानकार भी भाजपा के खिलाफ यूट्यूब के सहारे सरकारे गिराने, प्रमाणित भ्रष्टाचारियों को साथ लेकर सरकार बनाने, ईडी, इनकम टैक्स की छापेमार कार्रवाई मे सरकार से समझौता करने वालों को राहत, न करने वालों को कड़ी कार्रवाई जैसे मामलों को जनमत के अंतर्मन में उसी तरह से पिरो रहे हैं। जैसे बीते सालों में भाजपा ने कांग्रेस और कम्युनिस्ट विचारधारा को अपने वैचारिक और शासकीय अस्त्र से डिलीट कर पंगु बना दिया था।

यह मुद्दे भाजपा को कितनी हानी पहुंचाएंगे, समय के गर्भ में है। किन्तु, इस लोकसभा के चुनावी रण के पहले सभी देख रहे हैं कि भाजपा की सेना में विचार युद्ध लड़ने वाली, वैचारिक अस्त्र चलाने वाली विश्व की सबसे बड़ी, आधुनिक शस्त्रों से लैस आईटी ब्रिगेड है। जिसे गुजरात से लेकर दिल्ली तक की सरकार बनाने का दस सालों का अनुभव भी है। इसीलिए भाजपा इस चुनावी रण में निश्चित भी नजर आ रही है।

कितनो की तकदीर बनाना है आपको,
कितनो को रास्ता दिखाना है आपको ।
मत देखिये अपने हाथो की लकीरो को,
इन लकीरो से भी आगे जाना है आपको ।।
पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता, सबके चहेते, निष्ठावान, कर्मठ भाई साहब
आद. श्री नरेन्द्रजी नाहटा
को आज जन्म दिवस पर




हार्दिक शुभकामनाएं
**** - शुभेच्छु - ****
सोमिल नाहटा मित्र मंडल, मंदसौर

# सभी अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्ष रहे, निष्पक्षता प्रदर्शित भी हो- जैन

## कलेक्टर ने जिला अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश



**नीमच, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लागू आदर्श आचरण संहिता का सभी कडाई से पालन सुनिश्चित करें। स्वंतत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए यह जरूरी है, सभी अधिकारी कर्मचारी निष्पक्ष रहे और उनकी निष्पक्षता प्रदर्शित भी हो। यह निर्देश कलेक्टर एंव जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आदर्श आचरण संहिता के क्रियान्वयन एवं पालन संबंधी बैठक में सभी जिला अधिकारियों को दिये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद, एडीएम सुश्री लक्ष्मी गामड, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश शाह, सुश्री प्रीती संघवी, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, नेशनल लेवल मास्टर टेनर डॉ.राजेश पाटीदार एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने आदर्श आचरण संहिता के प्रमुख बिन्दुओं से अवगत कराते हुए कहा कि अधिकारीगण अच्छे से आयोग के निर्देशों का अध्ययन करलें। राजनैतिक दल या उम्मीदवार द्वारा चुनाव प्रचार में अन्य राजनैतिक दलों की नीतियों की आलोचना, कार्यक्रमों और कार्यों तर्क ही समिति होना चाहिए। व्यक्तिगत जीवन के ऐसे सभी पहलुओं की आलोचना नहीं करना चाहिए।जिसका संबंध अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं के सार्वजनिक क्रियाकलाप से न हो। मत प्राप्त करने के लिए जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नहीं दी जानी चाहिए। साथ ही मंदिरों, मस्जिदों, गिरजाघरों या अन्य पूजा स्थलों का निर्वाचन प्रचार के लिए मंच के रूप में उपयोग नहीं होना चाहिए। बैठक में बताया गया कि जिले के संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर इन्टरनेट एवं वेब कैमरों के माध्यम से कडी निगरानी की जाएगी। मतदान के दिन इन केन्द्रों पर न केवल जिलास्तर से बल्कि मुख्य चुनाव आयुक्त तक हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। इसके लिए वेब कास्टिंग का कार्य करवाया जा रहा है। साथ ही बार्डर चेक पोस्ट पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे है। कलेक्टर ने सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए सभी से उनका पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय मीडिया मानिटरिंग कमेटी द्वारा प्रतिदिन राजनैतिक खबरों और विज्ञापनों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जायेगी है। यदि किसी समाचार पत्र में पेड न्यूज पाई गई तो समिति संज्ञान में लेकर उसका खर्च अभ्यर्थी या पार्टी के खाते में जोडेगी। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक न्यूज चैनलों की मानिटरिंग के लिए भी दल गठित किए गए हैं। प्रिंट मिडिया, केबल नेटवर्क या न्यूज चैनल पर खबर या विज्ञापन देने से पहले अभ्यर्थी जिलास्तरीय समिति से प्रमाणन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। मास्टर टेनर्स डा.राजेश पाटीदार ने आयोग के जारी निर्देशानुसार पीपीटी के माध्यम से आचरण संहिता के बारे विस्तार से जानकारी दी। डॉ.पाटीदार ने आयोग की पूर्वानुमति प्राप्त करने, वाहनों के उपयोग, पार्टी पदाधिकारियों के लिए वाहन की अनुमति, प्रचार में बाइक एवं झण्डे का उपयोग, रोड शो, स्कूल ग्राउण्ड एवं लोक संपत्ति का प्रचार के उपयोग पर प्रतिबंध, राष्ट्री य ध्वज, पार्टी ध्वज का उपयोग वाहनों पर लगने वाले बेनर, झण्डोंस के आकार एवं संख्याव, लाउड स्पीपकर का उपयोग, पम्पलेट पोस्टर आदि का मुद्रण, निजी संपत्ति का विरूपण, शासकीय संपत्ति का विरूपण, संपत्ति विरूपण हटाने के लिए समय सीमा आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

## मामला ग्राम रुण्डी में बच्चों के साथ पिता की आत्महत्या का...

# कार्यवाही नहीं होने पर मृतक की पत्नी ने दी आत्महत्या की चेतावनी?

### मृतक की अस्थियां अब तक शमशान घाट में, आड़े आ रही सामाजिक परम्परा

**मंदसौर, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले के ग्राम रूण्डी निवासी प्रकाश बंजारा उम्र 35 साल ने अपनी बेटी सुमन उम्र 13 साल और बेटे विशाल उम्र 10 साल को पेड पर फंदा डालकर फांसी लगा दी। इसके बाद खुद भी फंदे पर झूल गया था। मामले में पुलिस ने राजू, राठौर, कालू, सोनू, गोविंद, लीलाबाई, नोजीबाई और गीताबाई सभी निवासी रुंडी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था। इस दौरान प्रशासन ने तीन दिन में आरोपितों के मकान तोडने का आश्वासन दिया था। लेकिन, अब तक यह कार्रवाई नहीं हुई हैं। जिसको लेकर मंगलवार को मृतक के परिजनों ने कलेक्टर दिलीप कुमार यादव से मुलाकात कर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि परिजनों ने अब तक मृतक की अस्थिया भी सग्रहित नहीं की है।

मृतक के परिजन पत्नी नैनीबाई, मां सीताबाई, पिता सूरजमल बंजारा, वकील बंजारा ने बताया कि पहले प्रशासन ने तीन दिन में मकान तोडने का आश्वासन दिया था। इसके बाद 17 मार्च तक आरोपितों के मकान तोडने की कहा था। लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब प्रशासन कह रहा है कि मकान में सामान रखा है, उसका कौन जिम्मेदार होगा। इस मामले में न्याय की मांग लेकर कलेक्टर से मुलाकात की। नेनी बाई ने बताया कि मेरे पति और बच्चों की अस्थियां अब तक शमशान घाट में ही है। जब तक हमें न्याय नहीं मिलता हम उन्हें नहीं उठायेंगे। मृतक के परिजनो ने बताया कि आरोपियों में अभी भी कानून या पुलिस का कोई खौफ नहीं है। जेल के अंदर से भी वे हमारे पास धमकियों भरें संदेश जो भी मिलने जा रहा है, उनके माध्यम से पहुंचा रहे है। हम लोग बेहद परेशान हो चुके है। हमारी मांग यह है कि आरोपियों के अवैध मकानों को जल्द से जल्द तोडा जायें। नैनीबाई ने ज्ञापन में कहा कि यदि आरोपियों के मकानों को नहीं तोडा जाता है तो वह भी कलेक्टर कार्यालय के सामने आत्महत्या कर लेंगी।

### सारी सोरना की प्रथा के चलते संग्रहित नही की अस्थियां...

बंजारा समाज की प्रथा है सारी सोरना । इस प्रथा के मुताबिक यदि किसी व्यक्ति की सामान्य मृत्यु होती है तो उसका अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज के मुताबिक किया जाता है। असामान्य मृत्यु यानी आत्महत्या या हत्या की स्थिति में सारी सोरना का पालन किया जाता है। इसके मुताबिक मौत के लिए जिम्मेदार आरोपी ही अपने हाथों से अस्थियों का संचय कर इन्हें हरिद्वार ले जाते हैं और मुंडन कराकर पाप का प्रायश्चित करते हैं।

### मां बोली- आरोपियों ने बहू के साथ जो किया, उससे बेटा सदमे में था...

प्रकाश की मां सिद्धा बाई का कहना है कि आरोपियों को फांसी की सजा होनी चाहिए। उनके घर पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई होनी चाहिए। तीन महीने पहले सातों आरोपियों ने मेरी बहू के साथ जो किया, वो बेहद शर्मनाक था। हमने उस घटना के बाद पुलिस थाने में रिपोर्ट भी की थी, लेकिन आरोपियों पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। उसी घटना की वजह से मेरा बेटा सदमे में था। उसने बेटे और बेटी के साथ आत्महत्या जैसा कदम उठाया। हमने उनका अंतिम संस्कार करा दिया है, लेकिन अभी तक उनकी अस्थियां नहीं उठी हैं। 14 दिन बीत चुके हैं।

## अवैध शराब के साथ 2 धराए

**पिपलियामंडी, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपियों को पकड़ा। नारायणगढ़ पुलिस ने 20 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ बादरी निवासी भेरुसिंह पिता रामसिंह को एवं मल्हारगढ़ पुलिस ने 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ मनासाखुर्द निवासी निर्भयसिंह पिता किशनसिंह राजपूत को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

# भारती पाटीदार एवं सखी ग्रुप द्वारा मनाया फाग उत्सव



**मंदसौर, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पहाड़ों पर टेसू ने रंग बिखेरे फागुन में... हर कदम पर बज रहे ढोल फागुन में.... ढोल की थाप पर थिरकते पैर फागुन में... महुआ गीत सुनाने लगे झूमने फागुन में..... आदि गीतों भजनों के साथ खाटू श्याम मंदिर परिसर में भजन कीर्तन के साथ फाग उत्सव मनाया गया।

फाग महोत्सव भारती पाटीदार व सखी ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारती पाटीदार ने बताया कि प्रति वर्ष हम यह फागुन उत्सव मनाते हैं इस वर्ष बाबा का आदेश था, तो हमने यह उत्सव श्री खाटू श्याम मंदिर पर आयोजित किया गया। उत्सव में राधाकृष्ण ने सबका मनमोहन लिया। भारतीय संस्कृति और लोक कलाओं के माध्यम से सभी बहनों ने बहुत ही सुंदर भजन कीर्तन के साथ आनंदमय फाग उत्सव मनाया। सभी ने एक दूसरे का गुलाल लगाकर व फूलों से स्वागत किया। महिला सशक्तिकरण के द्वारा यह संदेश दिया की सामाजिक समरसता से परिपूर्ण हम सब आपस में मिल जुलकर सनातन धर्म को और मजबूत करे। हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा को जीवित रखें। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, ज्योति सिंह चौहान, रीना पाटीदार ,तेज कुमार जी ,ललिता जी ,अनीता राठौर , मीना जी, किरण मावर, वर्तिका पारीक, रेखा सोनी, दीपमाला जी,सुनीता गुजरिया, रानू गुप्ता, नीता होतवानी सहित बडी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# लायंस क्लब को सोलहवां नेत्रदान प्राप्त हुआ

**मंदसौर, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लायंस क्लब मंदसौर को इस सत्र का सोलहवां नेत्रदान प्राप्त हुआ। यह नेत्र माहेश्वरी समाज के युवा श्री विवेक भदादा के असामयिक निधन पर भदादा परिवार द्वारा प्रदान किये गये। नेत्रदान पत्रकार राहुल सोनी के प्रयासों से प्राप्त हुआ। नेत्र उत्सर्जन लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. मजहर हुसैन ने किये। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. मजहर हुसैन सचिव प्रेम पाटीदार एवं प्रोजेक्ट चेयरमेन सीए विकास भण्डारी ने उपस्थित होकर श्री विवेक भदादा को विनम्र श्रद्धांजलि दी एवं शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। लायंस क्लब ने सभी नागरिकों से अपील की है कि अपने परिवार, समाज में दिवंगत के नेत्रदान करे तथा इस हेतु सभी को प्रेरित करे। नेत्रदान के इच्छुक लायंस क्लब के पदाधिकारियों से सम्पर्क कर सकते है।

# होली ही नही अब शवदाह भी कंडो से ही किया जाए...

**पत्र संपादक के नाम**
संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बसंत पंचमी के बाद से ही शीत कम होती गई हे और अब देशवासियो का मन होलिका दहन उत्सव के लिए तैयार हो रहा हे। होली पर प्रतिवर्ष लाखो क्विंटल लकड़ी जलाना चिंताजनक हे। जबकि पुराने जमाने में घर घर से लकड़ी लेकर होलिका दहन की प्रथा थी। अब समय आ गया हे की प्रत्येक क्षेत्र को मिलाकर सामूहिक होलिका दहन किया जाए। दूसरा विकल्प यह भी हे की अपना देश कृषि और पशुधन की अपार संपदा से भरा पूरा हे। यन्हा पशुधन के बहुतायत में होने से पर्याप्त गोबर होता हे। मध्यप्रदेश गोपालन और संवर्धन बोर्ड के अनुसार मध्यप्रदेश में पशुधन से रोजाना 15 लाख किलो गोबर निकलता हे। इसलिए लकड़ी के स्थान पर कंडो की होली जलाकर एक सामाजिक सरोकार की पहल व्यापक तोर पर की जानी चाहिए। वैज्ञानिक आधार पर भी लकड़ी के स्थान पर कंडे से होलिका दहन के कई लाभ हे। इस बार की होली विशिष्टहो इसके लिए संपूर्ण समाज को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इसका स्पष्टकारण यह हे की आम जनमानस इस बार होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर गोबर से बने कंडो का प्रयोग करने को उत्सुक दिख रहा हे। यह बदलाव सामान्य नही बल्कि बहुत विशेष हे। क्योंकि इस एक बदलाव भर से परंपराओ का क्षरण हुए बिना पर्यावरण संरक्षण हो सकेगा। समाज को इस बदलाव को सहर्ष स्वीकार करना भी चाहिए। भारतीय संस्कृति का समृद्ध इतिहास कहता हे की जब जब जनमानस ने किसी बदलाव को आत्मसात किया हे वह सामाजिक आंदोलन बन गया हे और उस बदलाव में न तो हमारे उत्सवप्रिय भारतीय जनजीवन की परंपराएं समाप्त हुई और न ही अन्य कोई हानि हुई। उल्टे ऐसे क्रांतिकारी बदलावो से समाज, देश व धर्म का हित ही हुआ हे। कंडो की होली जलाना और उसमे लकड़ी का प्रयोग न करना इसी तरह की एक क्रांति हे। होलिका दहन ही नही बल्कि शव का दहन भी लकड़ियो से न करते हुए गोबर से निर्मित कंडो से किया जाना चाहिए। इस पहल को समाज की और से सहयोग मिले इसका सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। सभी धार्मिक और सामाजिक संगठनो को भी इस विषय पर जागरूकता बड़ाने का प्रयास करना चाहिए। आज भी देश में कुछ स्थान ऐसे हे जन्हा शवदाह कंडो से ही किया जाता हे। इससे एक तरफ तो गोमाता का स्वत: संरक्षण हो जाता हे और दूसरी तरफ वनो के कटाव में भी अपेक्षाकृत कमी आती हे। मोटे तोर पर एक शव के दाह में करीब डेढ़ से दो क्विंटल लकड़ी लगती हे और पांच लाख तक की आबादी वाले नगर में प्रतिदिन औसतन छ से सात शवदाह होते हे ऐसे में पूरे प्रदेश में केवल शवदाह में ही सैकड़ों क्विंटल लकड़ी प्रतिदिन जला दी जाती हे। यदि इस लकड़ी के स्थान पर कंडो से ही शवदाह किया जाए तो यह सैकड़ों क्विंटल लकड़ी तो बचेगी ही इसके स्थान पर जलने वाले हजारो कंडो के कारण उनकी खपत बड़ेगी। निश्चितरूप से इन कंडो की आपूर्ति गोशालाओ या ग्रामीण क्षेत्रो से होगी ऐसे में कंडो को खरीदने में लगा पैसा या तो गोशालाओ के पास पंहुचेगा या कमजोर आर्थिक स्थिति वाले ग्रामीणो के पास। निश्चितरूप से इससे गोमाता, किसानो, गोशालाओ, ग्रामीणों के भले के साथ साथ उस दिवंगत आत्मा और उसके परिवार को भी पुण्य मिलेगा। यह पहल परोपकारी एवम सराहनीय हे और भारत की संस्कृति के मूल विचार को वास्तविक सम्मान देती हुई हे। अब जिम्मेदारी सभी समाजो की हे की इस पहल पर गैर जरूरी प्रश्न न खड़े करते हुए इसके सहयोगी बने।



**गौरव सोनी, मंदसौर**



# मंदसौर की हॉकी बालिकाओं ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**मंदसौर, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शिवपुरी में आयोजित जूनियर राज्य स्तरीय बालिका हाकी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी इस प्रतियोगिता में मंदसौर की हॉकी टीम ब्रोंज मेडल जीती यह जानकारी हॉकी मंदसौर के सचिव अविनाश उपाध्याय व अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया ने दी उन्होंने बताया कि इस लीग कम नॉक आउट प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की प्रतिष्ठित 12 टीमों ने भाग लिया था जिसमें ग्वालियर, शिवपुरी, टीकमगढ़, शिरपुर, खरगोन, इंदौर, मंदसौर आदि शामिल थी। जिले के खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने बताया कि यह सभी खिलाड़ी मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित हॉकी फीडर सेंटर व केंद्र द्वारा संचालित खेलो इंडिया सेंटर मंदसौर के नियमित सदस्य हैं, इस प्रतियोगिता के हॉटलाइन मैच में छह के मुकाबले पांच गोल से मंदसौर ने टीकमगढ़ को हराया प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ स्कोरर का पुरस्कार मंदसौर की निशा बामनिया को मिला जबकि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मंदसौर की ही खिलाड़ी आरती मंडावालिया को मिला प्रतियोगिता में मंदसौर के कोच के रूप में खेलो इंडिया एन आई एस कोच वैभव चौरसिया मौजूद थे, खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर इस उपलब्धि पर इस उपलब्धि पर हॉकी मंदसौर के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, विशाल गोयल, त्रिभुवन कविश्वर, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, हॉकी मंदसौर एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया, सचिव अविनाश उपाध्याय, कोच रवि कोपरगांवकर, दिनेश यादव, शैलेंद्र मसीह, खेलो इंडिया एन,आई,एस कोच वैभव चौरसिया, मीत चौहान, मंगल बैरागी, ओमप्रकाश गुर्जर, राजेंद्र सिंह, भरत सिंह, शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, शासकीय महाविद्यालय दलोदा के खेल अधिकारी अब्दुल रज्ज़ाक, सीनियर खिलाड़ी संजय तोमर, मनोज जैन, अंकित मंडोर, राकेश श्रीवास्तव, भारत देवड़ा, अजय सिंह गौड़, कमलेश शर्मा, शैलेंद्र परिहार, पिंटू आर्थर, डॉ हिमांशु यजुर्वेदी दुबेला क्लब के अध्यक्ष श्री विनय दूबेला, अमर क्लब के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, आदि ने बधाई दी व उनकी उज्वल भविष्य की कामना की उक्त जानकारी हॉकी मंदसौर के जनसंपर्क अधिकारी जितेंद्र कनौजिया ने दी।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई जा रही शपथ

**मंदसौर, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गतिविधि हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर की जा रही है। साथ मतदान केंद्रों पर जाकर ईवीएम को चलाना, मतदान का महत्व, लोकतंत्र का महत्व आदि के बारे में मतदाताओं को बताया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न हो।

## 415 पीएमश्री स्कूलों में खुलेगी अटल टिंकरिंग लैब, 112 के लिए 29 लाख की राशि स्वीकृत

**भोपाल, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पीएमश्री योजना के तहत चयनित 415 सरकारी स्कूलों को सर्वसुविधायुक्त बनाने का काम शुरू है। इसके तहत पुस्तकालय, स्मार्ट कक्षा, प्रयोगशाला, खेल मैदान, भवन सहित कई सुविधाएं तो उपलब्ध कराई ही जाएंगी, स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब भी खोली जाएगी, ताकि कला के क्षेत्र में विद्यार्थी रचनात्मक कार्य कर सकें।



मध्य प्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने पहले चरण में 112 पीएमश्री स्कूलों में अटल लैब के लिए 29 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसमें एक स्कूल को 25 से 50 हजार रुपये तक मिलेंगे। अटल टिंकरिंग लैब का उद्देश्य गतिविधि आधारित शिक्षा के तहत विद्यार्थियों के बीच इनोवेशन, क्रिएटिविटी और वैज्ञानिक पहलुओं को बढ़ावा देना है। यहां आर्ट एंड क्राफ्ट की क्रिएटिविटी भी सिखाई जाएगी। लैब में थ्रीडी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स के नए तकनीकों से विद्यार्थियों रूबरू हो सकेंगे। राशि स्वीकृत हो चुकी है, पहले चरण में 112 पीएमश्री स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब खोली जा रही है। - डा. हेमंत शर्मा, पीएमश्री प्रभारी, डीपीआइ।

# दांतोली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**नीमच, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद एवं एसडीएम श्री पवन बारिया के आदेशानुसार ग्राम पंचायत दांतोली के दूरस्थ ग्राम बोरखेडा में मतदाता जागरूकता के लिये विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्राम बोरखेडा में आजीविका मिशन के महिला स्व-सहायता समूहों की दीदीयों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। नवीन मतदाता का सम्मान किया गया। बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान किया गया। दिव्यांयग वोटर का सम्मान कर उनको मतदान करने हेतु प्रेरित किया। मतदान प्रतिशत बढाने के लिये मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। जिस पर ग्रामवासियों को लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढाने का संकल्प पंचायत समन्वयक अधिकारी गोपाल परिहार जनपद पंचायत मनासा एवं विकासखण्ड प्रबंधक नरेन्द्र परमार, सहायक विकासखण्ड प्रबंधक कमल भुरिया, महेन्द्र अलावा, दीपक डावर म.प्र.डे, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा दिलाई गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता आदि सभी से प्रतिदिन कार्यक्रम जैसे रंगोली प्रतियोगीता, मेहन्दी, रेली, स्कूलो में बचो की प्रतियोगिताएं आदि के अंतर्गत गतिविधि करने के निर्देश दिए गए। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद मनासा श्री अरविन्द डामोर ने बताया, कि मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार किया गया।



# पोरवाल समाज द्वारा राजा टोडरमल जयंती मनाई





**सुवासरा, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर में पोरवाल समाज के आराध्य देव राजा टोडरमल जयंती महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाई गई । जयंती कार्यक्रम दो दिवसीय 17 मार्च एवं 18 मार्च को सुवासरा में समाजजन द्वार रखा गया था। जिसमें 17 मार्च को महिला मंडल द्वारा पोरवाल परिणय रिसोर्ट में गेम्स एवं बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बच्चों के बाल मेले स्वरूप दुकान लगाई गई थी। पोरवाल युवा संगठन द्वारा 17 मार्च को शाम 6:00 बजे वाहन रैली नगर के मुख्य मार्गो से निकली गई। दूसरे दिन 18 मार्च को पोरवाल रिसोर्ट में राजा टोडरमल जयंती मनाई गई । चल समारोह में बैंड, बग्गी, ढोल, नगाड़ों के साथ नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस पोरवाल परिणय रिसोर्ट पहुंचा । जहां अथिति श्री जगदीश चौधरी(अध्यक्ष पोरवाल चैरिटेबल ट्रस्ट मंदसौर), श्री राजेश सेठिया(अध्यक्ष नगर परिषद गरोठ), राजेश मुजावदिया (अध्यक्ष पोरवाल समाज उज्जैन), जगदीश गुप्ता (गुप्ता कंस्ट्रक्शन कंपनी इंदौर), सुश्री नेहा मुजावदीया (फाउंडर ऑफ़ Tutor Cabin Pat Ltd indor) अतिथियों का सम्मान किया। उसके पश्चात पोरवाल रिसोर्ट में आगामी निर्माण के लिए राशि की घोषणा पोरवाल समाज के वर्तमान अध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता द्वारा 101000 एक लाख एक हजार की राशि रिसोर्ट निर्माण में दी गई। अतिथि जगदीश गुप्ता(गुप्ता कंस्ट्रक्शन)द्वारा 201000 की राशि प्रदान की गई। श्री जगदीश चौधरी (अध्यक्ष पोरवाल चैरिटेबल ट्रस्ट मंदसौर)द्वारा 101000 एक लाख एक हजार की राशि दी गई वहीं पोरवाल समाज के सचिव घनश्याम धनोतिया द्वारा 51000 हजार की राशि दी गई वहीं अनिल कुमार रमेशचंद्र धनोतिया(धनोतिया मेडिकल)द्वारा 51000 हजार की राशि समाज निर्माण में दी गई। अंत में आभार युवा संगठन अध्यक्ष भरत माँदलिया ने माना।

# विश्व जल दिवस पर: हमारी नदियों के पुनर्जीवन की कहानी

**मंदसौर, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** इस वर्ष 'विश्व जल दिवस' का विषय 'शांति के लिए जल' है। जल का जीवन से गहरा संबंध है। जल के लिए संस्कृत शब्द आप: है, जिसका अर्थ प्रेम या प्रियजन भी है। सभी प्रमुख प्राचीन सभ्यताएँ नदियों के तटों पर पनपी हैं; भारत में गंगा और यमुना, मिस्र में नील नदी व दक्षिण अमेरिका में अमेज़न नदी। नदियों के साथ भारत का सांस्कृतिक संबंध बहुत गहरा है। भगवान राम ने अपना जीवन सरयू नदी के किनारे बिताया था। गंगा को भगवान शिव की जटाओं से निकलते हुई दर्शाया गया है और योगी सहस्त्राब्दियों से इसके तटों पर ध्यान करते रहे हैं। गंगा ज्ञान का प्रतीक है और यमुना भक्ति का प्रतीक है। भगवान कृष्ण के प्रति गोपियों का प्रेम और भक्ति, यमुना के तट पर विकसित हुई।

हमें अपनी नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए हर संभव प्रयास करने की आवश्यकता है। इसमें आस्था मुख्य भूमिका निभा सकती है। आस्था लोगों को समुचित ढंग से कार्य करने और पर्यावरण, नदियों, पहाड़ों, जंगलों और पानी के अन्य स्रोतों की देखभाल करने के लिए प्रेरित कर सकती है। हमारे पास सर्वोत्तम नीतियां हो सकती हैं लेकिन उन नीतियों को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए लोगों को अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है और यहां आस्था पर आधारित संगठन एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

**भारत में जल की प्रचुरता : जमीनी स्तर पर कार्य**–विश्व में शांति और स्थिरता के लिए पानी की उपलब्धता बहुत महत्वपूर्ण है। हमने भारत में इसी दिशा में काम किया है। जमीनी स्तर पर लोगों को साथ लेकर, हमने 70 से अधिक नदियों को पुनर्जीवित किया, जो केवल राजस्व रिकॉर्ड पर मौजूद थीं। यहाँ सूखी नदियों के तलों का दोहन और अतिक्रमण किया जा रहा था; बाढ़ या महीनों तक सूखे के कारण या तो अतिरिक्त पानी बर्बाद हो गया, फसलें नहीं उगीं और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। हर दिन आत्महत्या करने वाले किसानों की संख्या बढ़ती गई। बाहरी परिवर्तन लाने से बहुत पहले, परिवर्तन स्वयं के भीतर लाना होगा। जब आपका हृदय संवेदनशील हो जाता है, तो आप सेवा किये बिना नहीं रह सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों में हमारे स्वयंसेवकों का समूह इसी तरह बढ़ा है। अपने भीतर अनुभव की गई संतुष्टि से प्रेरित होकर, उन्होंने दूसरों की सेवा करने और दूसरों को भी वही खुशी देने का निर्णय किया। हमारे स्वयंसेवक जमीनी स्तर पर गांवों में गए। उन्होंने लोगों को प्रेरित किया और भीतरी खुशी पाने और सबल बनने के लिए ध्यान, श्वास, योग और अन्य अभ्यास सिखाए। उन्होंने सैकड़ों भूमि पुनर्भरण कुएं बनाने के लिए उनके साथ काम किया, ताकि बारिश का पानी उनमें रिसना शुरू हो सके। हमने पुनर्वनीकरण की पहल की, बबूल जैसी जल-गहन प्रजातियों को हटाया और नदी के किनारे आम, पीपल जैसे स्वदेशी पेड़ लगाए।

यह एक चमत्कार घटने जैसा था कि भूमि सर्वेक्षण करने, पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण करने और पौधों की लाखों सही प्रजातियों को दोबारा लगाने के बाद, हमने हजारों जल निकायों को पनपते देखा, तालाबों का पुनरुद्धार किया गया और आज 5 भारतीय राज्यों में 70 सूखी नदियाँ पानी के साथ बारह महीने बह रही हैं। पक्षी वापस आने लगे हैं, और बादल भी वापस आने लगे हैं। पिछले मई में विदर्भ क्षेत्र से, जहां किसान सबसे अधिक आत्महत्याएं कर रहे थे, लगभग एक हजार किसान हमारे स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों द्वारा लाए गए परिवर्तन के लिए धन्यवाद देने हमारे बैंगलोर आश्रम में आए। वे अब पहले से चार गुणा अधिक कमा रहे थे। दो साल से भी कम समय में 19,500 से अधिक गांवों को लाभ हुआ। जब कोई व्यक्ति सहज और तनाव से मुक्त होता है, तो वह संवेदनशील हो जाता है, वह सेवा करने में उत्सुक, साझा करने वाला और समाज के प्रति प्रतिबद्ध हो जाता है। यहां आस्था पर आधारित संगठन लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने, उन्हें प्रोत्साहित करने और सेवा करने के लिए प्रेरित करने, हमारी नदियों को पुनर्जीवित करने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं, जिससे चारों ओर समृद्धि, स्थिरता और शांति आएगी।

**गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर**

## गेहूँ उपार्जन के पंजीकृत किसानों से चर्चा कर 10 दिन में उपार्जन कार्य पूरा करवाएं-जैन

**नीमच, 19 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए पंजीकृत सभी किसानों को एसएमएस, मोबाईल संदेश एवं चर्चा कर उन्हेंग उपार्जन केंद्रों पर गेहूँ लाने के लिए प्रेरित कर 10 दिन में उपार्जन का कार्य पूरा करवाएं। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सहकारिता कृषि एवं खाद्य विभाग के अधिकारी को दिए। कलेक्टर श्री जैन ने निर्देश दिए कि सभी उपार्जन केंद्रों पर गेहूँ उपार्जन के लिए आने वाले किसानों की उपज के तौल, भण्डारण, उपार्जन केंद्रों पर छाया, पेयजल आदि की आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 10 | 2200 | 2460 |
| उडद | 3 | 5300 | 5300 |
| सोयाबीन | 2883 | 3800 | 4622 |
| गैहु | 10500 | 2250 | 2720 |
| चना | 1205 | 49000 | 5665 |
| मसुर | 162 | 5200 | 5841 |
| धनिया | 352 | 5520 | 8501 |
| लहसुन | 29000 | 4500 | 14000 |
| मैथी | 2100 | 4555 | 6410 |
| अलसी | 1329 | 4900 | 5291 |
| सरसो | 1028 | 4500 | 4902 |
| तारामीरा | 3 | 4500 | 4681 |
| इसबगोल | 30 | 9400 | 15300 |
| प्याज | 212 | 3350 | 1801 |
| कलोंजी | 22 | 17017 | 19000 |
| डॉलर | 27 | 7791 | 9501 |
| तिल्ली | 3 | 9901 | 9901 |
| मटरसुखी | 8 | 3200 | 5599 |
| असालीया | 231 | 6500 | 7110 |

